न्यायालय तहसीलदार कठूमर जिला अलवर राज.

प्रकरण संख्या – 12/2023

तारीख रजू/ 28.06.2023

सरकार जरिये रिपोर्ट पटवारी हल्का मथुराहेडा

बनाम

लल्लू पुत्र श्री मनोहरी कौम गुर्जर निवासी अजीतपुरा

निर्णय

राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत

निर्णय दिनॉक :– 17.07.2023

पत्रावली प्रस्तुत हुई। प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि ग्राम अजीतपुरा की आराजी खसरा नम्बर **163/350** कुल रकबा **0.04** हेक्टयर किस्म जमीन **बंजड** में से **0.02** हेक्टयर रकबे पर **श्री लल्लू पुत्र श्री मनोहरी गुर्जर** ने अनधिकृत रूप से अतिकमण कर **तारबन्दी कर कब्जा कर-अति**कमण कर लिया है। इस पर पटवारी हल्का मथुराहेडा द्वारा दिनांक 28.06.2023 को अतिकमी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की रिपोर्ट मय ताईद भू.अ.निरीक्षक टीटपुरी के द्वारा प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अतिकमी **श्री लल्लू पुत्र श्री मनोहरी कौम गुर्जर निवासी अजीतपुरा** को भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी किये गये नोटिस की तामील कराई गई। नोटिस बाद तामील प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली किया गया। मामला बंजड पर अतिकमण करने तथा उसका रास्ता पूर्ण रूप से बन्द करने का है, जो संवेदनशील है। इसलिए प्रकरण में आज दिनांक 17.07.2023 को मौके पर जाकर अतिकमण को हटाने की कार्यवाही संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए की गई। मौके पर ही अतिकमियों को सुना गया।

उक्त रकबा आराजी खसरा नम्बर **163/350** कुल रकबा **0.04** हेक्टयर किस्म जमीन **बंजड** है जो नियमन के योग्य नहीं है लिहाजा गैरसायल को अतिकमित रकबे से वेदखल किया जाने के आदेश दियें जाते हैं एवं दण्ड स्वरूप लगान **0.04 रूपये का 50 गुणा 2 रूपये** पैनल्टी आरोपित की जाती है। हल्का पटवारी को पैनलटी राशि वसूल कर राशि राजकोष में जमा कराने के आदेश दिये जाते है। मांग कायमी हेतु टीआए कार्यालय हाजा को लिखा जावे, पैनल्टी वसूली एवं बेदखली हेतु हल्का पटवारी मथुराहेडा, भू.अ.निरीक्षक टिटपुरी को लिखा जाकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

तहसीलदार
तहसीलदार
कठूमर, अलवर(राज.)